दिनांकः 16.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हुआ। लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान 131वां संशोधन विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पेश किया। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2026 सदन के पटल पर रखा। सदन में चर्चा जारी है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इनका विरोध करते हुए आरोप लगाया कि ये विधेयक देश के संघीय ढांचे को कमजोर करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि श्री वेणुगोपाल विधेयकों के प्रस्तुतीकरण पर तकनीकी आपत्तियां उठा सकते हैं, उनके गुण–दोष पर नहीं बोल सकते। इससे पहले, सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा में दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि देश महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करना ही राष्ट्र का सम्मान करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आज दोपहर 3 बजे लोकसभा को सम्बोधित करने का कार्यक्रम है।

000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आज राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया गया। पुलिस अकादमी परिसर में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। इस सेरेमोनियल परेड में 12 प्लाटूनों ने हिस्सा लिया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों और नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल और राजकॉप सिटीजन एप भी लॉन्च किये गये। प्रदेश के विभिन्न जिला पुलिस मुख्यालयों पर भी पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर स्थित पुलिस अकादमी परिसर सहित सभी जिला पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर लगाये गये। आज शाम को जयपुर में सांस्कृतिक संध्या और बड़ा खाना रखा गया है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को मजबूती देने के लिए रिफाइनरी और उससे जुड़े डाउनस्ट्रीम उद्योगों के बीच मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम बनाना बहुत जरूरी है।

मुख्य सचिव कल शासन सचिवालय में राजस्थान रिफाइनरी, डाउनस्ट्रीम उद्योगों और राज्य सरकार के बीच प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिारियों को राजस्थान पेट्रो ज़ोन में रिफाइनरी से मिले फीडस्टॉक की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौते को अंतिम रूप देने की कार्यवाही जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि राज्य सरकार और एचपीसीएल के संयुक्त उद्यम के रूप में पचपदरा में 9 एम एम टी पी ए क्षमता की पेट्रोलियम रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है, इसका संचालन राजस्थान रिफाइनरी द्वारा किया जाएगा।

000

कोटा में कल देर रात नयागांव पुलिया के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। हादसा रात में उस समय हुआ जब एक स्लीपर बस बेकाबू होकर पलट गई। पुलिस के अनुसार निजी कंपनी की यह बस अहमदाबाद से मध्यप्रदेश जा रही थी। ये सभी लोग मध्यप्रदेश के रहने वाले थे।

000

वन विभाग की ओर से सवाईमाधोपुर स्थित रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में ''कैराकल संरक्षण'' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान प्रोजेक्ट कैराकल का शुभारंभ किया गया। कैराकल एक दुर्लभ और कम दिखाई देने वाली जंगली एशियाई बिल्ली है जो धीरे–धीरे विलुप्त हो रही है। कार्यशाला में इस बिल्ली के संरक्षण पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इनके आवास संरक्षित नहीं होने तथा भोजन की कमी के कारण इसकी संख्या में गिरावट आई है। सभी को मिलकर इस प्रजाति के संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला में राज्यभर से वन्यजीव विशेषज्ञ, वरिष्ठ वन अधिकारी, शोधकर्ता और संरक्षण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

000